तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	राजूराम **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353063954301385	
09/06/26	अपीलार्थी राजूराम निवासी 564, मंगल नगर बालाजी नगर, लूणी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 23.03.2026 दिनांक 10.07.2025 एवं 23.09.2025 को जरिए ईमेल कर अचल संपत्ति नही भरने वाले कार्मिक यशवंत सिंह पटवारी हाल पद स्थापित मोगड़ा कलां एवं अतिरिक्त प्रभार तनावडा की विधि विरूद्ध की गई वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने एवं नियमानुसार विधि सम्मत कार्यवाही करने बाबत निवेदन किया गया था, के संबंध में उक्त कार्यालय द्वारा प्रतिदिन की गई कार्यवाही से संबंधित संपूर्ण पत्रावली की प्रमाणित प्रतियां व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त 706 दिनांक 18.05.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत सूचना अधिकार आवेदन उपखण्ड अधिकारी लूणी से संबंधित होने के कारण सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत अंतरित कर अपीलार्थी को सूचित कर दिया गया है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

RajKaj Ref No.:
22737989
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by A... Ranjan
Designation: Colle...r and District Magistrate
Date: 2026.06.... 2:23:37 IST
Reason: Approved